कोरूगेटेड बॉक्स के उत्पादन खर्च में 70 प्रतिशत की वृद्धि

मुंगेर। पिछले कुछ महीनों में उत्पादन खर्च में तीव्र वृद्धि होने से और दूसरी ओर कच्ची सामग्री की आपूर्ति अस्त-व्यस्त हो जाने से भारत का कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग संकट में पड़ गया है। उसकी मुख्य कच्ची सामग्री क्राफ्ट पेपर है। मात्र पेपर की भाव वृद्धि के कारण कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग का उत्पादन खर्च 70 प्रतिशत बढ़ गया है। क्राफ्ट पेपर मिलें सप्लाई साइड में आयातित और स्थानीय वेस्ट पेपर के बढ़ते भाव, कोरोना लॉकडाउन और अंतर राज्य लॉजिस्टिक अवरोधों के कारण उपलब्धता घटने का कारण बताती है जब कि मांग की और देखें तो मिलें चीन कोरी साइकल्ड क्राफ्ट पेपर पल्प रोल्स के रूप में क्राफ्ट पेपर निर्यात करने के सुनहरे अवसर का लाभ उठा रही हैं।